C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:19 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 23 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 7 जुलाई 2024

महेंद्र सिंह धोनी ने ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## खत्याड़ी में बार खोलने के विरोध में प्रदर्शन



**अल्मोड़ा।** नगर के नजदीक अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर बेस अस्पताल के पास बार खुलने से क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। क्षेत्र के लोगों के साथ ही महिलाओं ने प्रदर्शन किया। कहा कि हाईवे और अस्पताल के पास बार खोलना नियमों के खिलाफ है। क्षेत्र में इससे अराजकता बढ़ेगी। खत्याड़ी में बार खुलने से आक्रोशित युवा, बुजुर्ग और महिलाएं अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाईवे पर बेस अस्पताल के पास एकत्र हुई और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत खत्याड़ी में मेडिकल कॉलेज और बेस अस्पताल संचालित हैं। गांव के मुख्य मार्ग पर ही बार खोल दिया गया जो नियमों के खिलाफ है। बार खोलने की सुगबुगाहट होते ही चार महीने पूर्व डीएम को इसके विरोध में ज्ञापन दिया था। प्रशासन ने यहां बार खोलने की अनुमति दे दी। बार खुलने से क्षेत्र के साथ ही बेस अस्पताल में अराजकता का माहौल पैदा हो रहा है। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही मरीज और तीमारदार परेशान हैं। चेतावनी दी कि यदि यहां से बार नहीं हटाया गया तो किसी भी राजनीतिक दल के नेता को गांव में नहीं घुसने दिया जाएगा। जल्द उचित कदम नहीं उठाए तो वे हाईवे जाम कर देंगे। इस मौके पर पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद सिंह, विनय किरौला, हर्ष कनवाल, राजेंद्र सिंह, नंदन सिंह, भूपेंद्र सिंह, विरेंद्र सिंह, राजेंद्र कनवा, कलावती, गंगा देवी, पार्वती, विमला देवी, सरस्वती देवी, बसंती देवी, अनीता, बीना, शांति देवी सहित कई लोग शामिल रहे।

## ऑस्ट्रिया के पहले दौरे पर पीएम बोले-सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर चर्चा के लिए उत्सुक

नई दिल्ली
एजेंसी

चांसलर नेहमर ने लिखा %यह यात्रा एक विशेष सम्मान है, क्योंकि 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है और भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही ऑस्ट्रिया के दौरे पर जाने वाले हैं। यह बीते 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला ऑस्ट्रिया दौरा है। दौरे से पहले



पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि दोनों देशों में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन के साझा मूल्य वे आधार हैं, जिस पर दोनों देश करीबी साझेदारी का निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के उस सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में आई है, जिसमें नेहमर ने पीएम मोदी के स्वागत के लिए उत्सुक होने की बात कही थी।

ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर ने एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा मैं अगले सप्ताह वियना में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। यह यात्रा एक विशेष सम्मान है, क्योंकि 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है और भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ऑस्ट्रियाई चांसलर ने कहा, हमारे पास अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर सहयोग के बारे में बात करने का अवसर होगा।

कार्ल नेहमर को जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, धन्यवाद, चांसलर कार्ल नेहमर। इस ऐतिहासिक अवसर पर ऑस्ट्रिया का दौरा करना वास्तव में सम्मान की बात है। मैं हमारे देशों के बीच के संबंधों को मजबूत करने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर हमारी चर्चा का इंतजार कर रहा हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून का शासन के साझा मूल्य वह आधार हैं, जिस पर हम और भी करीबी साझेदारी का निर्माण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 8 और 9 जुलाई को मास्को की यात्रा करेंगे। उसके बाद 9 और 10 जुलाई को अपनी पहली यात्रा के लिए ऑस्ट्रिया जाएंगे।

तीर्थयात्री कर रहे हाईवे खुलने का इंतजार

## प्रदेश में लगातार बारिश मलबा आने से कई जगह हाईवे बंद

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में बारिश के बाद मलबा और बोल्डर गिरने से बदरीनाथ हाईवे कई जगह बंद हो गया है। जिसके चलते सैकड़ों यात्री रास्ते में ही फंस गए हैं। तोताघाटी, सफेद पहाड़ और विष्णु प्रयाग में हाईवे पर भारी मात्रा में बोल्डर गिरे हैं। हाईवे पर सड़क का कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। जिससे रास्ता बंद है। तीर्थयात्री हाईवे खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

एनएच द्वारा जेसीबी से लगातार मलबा हटाने का काम जारी है। थाना प्रभारी महिपाल सिह रावत का कहना है कि के अनुसार, वाहन चालकों को लगातार सावधानी से चलने की हिदायत दी जा रही है।

बता दें कि प्रदेश में शनिवार को 142 मार्ग बंद हुए। लोगों को मार्ग खुलने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। जबकि 56 मार्ग शुक्रवार से बंद थे। लोनिवि ने इसमें से 89 मार्ग को खोल दिया। इसके बाद भी 109 सड़क बंद हैं। इसमें एक



राष्ट्रीय राजमार्ग और सात राजमार्ग शामिल हैं। इसके अलावा 11 मुख्य जिला मार्ग, दो अन्य जिला मार्ग और 88 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं। उधर, प्रदेश में मौसम बिगड़ने की वजह से खतरे को देखते हुए चारधाम यात्रा एक दिन के लिए रोक दी गई है। भारी बारिश का रेड अलर्ट देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को रविवार को किसी भी तरह की यात्रा से बचने की एडवाइजरी जारी की है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने भी चारधाम यात्रा एक दिन के लिए स्थगित करने की पुष्टि करते हुए कहा कि यह फैसला तीर्थयात्रियों के जान-माल की सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया। जो यात्री जहां हैं वहीं रहें। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारी वर्षा के मद्देनजर सभी संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों से सावधानी बरतने तथा सुरक्षित स्थलों पर रहने की अपील की है।

## नैनीताल हाईवे पर खाई में गिरी कार, दो महिलाओं की मौत, तीन गंभीर घायल

कर्णप्रयाग /आदिबदरी
हमारे संवाददाता

कार कर्णप्रयाग से आदिबदरी की ओर जा रही थी। चांदपुरगढ़ी के पास कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।

नैनीताल हाईवे पर शनिवार रात एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस दौरान हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, तीन लोग घायल हुए हैं। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि एक महिला ने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ा। जानकारी के मुताबिक एक कार कर्णप्रयाग से आदिबदरी की ओर जा रही थी।

चांदपुरगढ़ी के पास कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। सूचना पर पुलिस टीम के साथ ही एसडीआरएफभी मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकाला। बारिश और रात होने के चलते रेस्क्यू में थोड़ी दिक्कतें भी आईं। सिमली



चौकी पुलिस के हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में बिंसरी देवी (85) निवासी कांसुवा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। विक्रम कुंवर (52), रोहित (18), मोहन प्रसाद (57), उषा देवी (52) निवासी सभी कांसुवा घायल हो गए थे। सीएचसी कर्णप्रयाग के फार्मासिस्ट संजय कुमार ने बताया कि घायल ऊषा देवी ने देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य तीन घायलों का इलाज चल रहा है।

## नैनीताल में शहर इकाई ने नए फौजदारी कानूनों को स्थगित करने की मांग की

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भारत कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) की शहर इकाई ने नए फौजदारी कानूनों को स्थगित करने की मांग की है। शिष्टमंडल के एक शिष्टमंडल ने शनिवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को पत्र भेजा है। कहा है कि हाल ही में तीन नई फौजदारी संहिताओं भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू किया गया है। ये तीनों संहिताएं भारतीय दंड संहिता 1860 तथा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लेंगी इससे नागरिकों की बोलने की स्वतंत्रताए एकत्र होने की स्वतंत्रताए किसी के साथ जुडने की स्वतंत्रता तथा प्रदर्शन करने की स्वतंत्रता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा इसमें अन्य नागरिक अधिकारों को अपराध की श्रेणी में लाने के लिए कई कठोर प्रावधान किए गए हैं। कानून में भूख हड़ताल को भी अपराध बना दिया है। पुलिस को अनियंत्रित शक्तियां दे दी गई हैं। जिनका देश में नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इन तीन फ ौजदारी कानूनों को लागू करने का निर्णय स्थगित करे। कानूनों को संसद में पुन- पेश कर सही जांच परख हो। ज्ञापन भेजने वालों में कैलाश जोशी, राजेंद्र सिंह तथा सुभाष जोशी व अन्य शामिल रहे।

## रामनगर, टनकपुर, बबियाड रूट बंद होने से रोडवेज बस सेवा ठप

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कुमाऊं भर में लगातार हो रही बारिश परेशानी खड़ी कर रही है। अब पर्वतीय व मैदानी रूटों की बस सेवाएं भी प्रभावित होने लगी हैं। रविवार को हल्द्वानी से टनकपुर, रामनगर, बबियाड व पिथौरागढ़ रूट की बस सेवा ठप रही।

हल्द्वानी डिपो के एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि रविवार को चोरगलिया रूट पर सूर्या नाला उफान पर होने के कारण हल्द्वानी-टनकपुर बस सेवा वापस हो गई। विकल्प न होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा कालाढूंगी में चकलुवा के पास पुलिया क्षतिग्रस्त होने से हल्द्वानी-रामनगर बस सेवा भी ठप रही। इसके अलावा हल्द्वानी-बबियाड सेवा भी बंद रही। बताया कि बबियाड मार्ग मलवा आने से बंद पड़ा है। इसके अलावा मैदानी क्षेत्रों में बसों का आवागमन जारी रहा। टनकपुर जाने के लिए किच्छा वाला रूट सुचारु है।



### हल्द्वानी डिपो की दो बसें पिथौरागढ़ में फंसीं

हल्द्वानी। डिपो की पिथौरागढ़ भेजी गई बसें वहीं रुकी हुई हैं। दरअसल घाट के पास सड़क बंद होने के कारण यातायात ठप है। हल्द्वानी डिपो एआरएम एसएस बिष्ट ने बताया कि रोडवेज स्टॉफ से मार्ग खुलने पर वाया टनकपुर बस लाने को कहा गया है। फिलहाल वहां बीते दिन भेजी गई दो बसें फंसी हैं।

## भूस्खलन की भी घटनाएं बढ़ रही

**नैनीताल।** लगातार हो रही बारिश से भूस्खलन की भी घटनाएँ बढ़ रही हैं। शुक्रवार देर रात मल्लीताल स्थित राजमहल कम्पाउंड क्षेत्र में भूस्खलन से एक घर में मलवा घुस गया। इस दौरान घर में तीन लोग मौजूद थे। गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, कमरे में मौजूद सुरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि रात लगभग दस बजे मकान के पीछे मलवा आ गया था जिसके बाद आनन फानन में तीनों लोग बाहर निकले। उनकी अंगुली में हल्की चोट आयी है। फिलहाल अभी मजदूरों को लगवाकर मलवा साफ करवाया जा रहा है। दूसरी ओर मदर्स हाट्र्स स्कूल की स्वामी नगमा परवेज ने बताया कि उनके घर के समीप भी काफी मलबा आ गया बताया कि बीते रात्रि आपदा कंट्रोल रुम में बताने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# 18वें दीक्षांत समारोह में अनुमोदित डीएससी की मानद उपाधि दी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने हाल ही में हैदराबाद विश्वविद्यालय में डा. कल्लम अंजी रेड्डी चेयर व विश्व प्रसिद्ध रसायनज्ञ और वैज्ञानिक पद्मश्री प्रो. गोवर्धन मेहता से मुलाकात कर 18वें दीक्षांत समारोह में अनुमोदित डीएससी की मानद उपाधि दी गई।

बता दें कि इस मुलाकात का मुख्य मकसद कुमाऊं विश्वविद्यालय की प्रगति और नवाचारों से प्रो.मेहता को अवगत कराना भी था। इस मुलाकात के दौरान दोनों वैज्ञानिकों के बीच ज्ञान और विचारों का आदान-प्रदान हुआ। काबिलगौर है कि प्रो. गोवर्धन मेहता भारतीय विज्ञान संस्थान के निदेशक रहे हैं इससे पूर्व हैदराबाद विश्वविद्यालय में रसायन विज्ञान के प्रोफेसर और कुलपति के रूप में कार्य कर चुके हैं। प्रो. मेहता ने 500 से ज्यादा शोध पत्र लिखे हैं। उन्हें भारतध्विदेश से 40 से ज्यादा मानद डॉक्टरेट की उपाधियाँ मिल चुकी हैं



और उन्होंने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों/संस्थानों में 300 से ज्यादा आमंत्रित व्याख्यान दिए हैं। वह प्रधानमंत्री की वैज्ञानिक सलाहकार परिषद और कैबिनेट की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं। 1663 के बाद से 50 से भी कम भारतीयों को फेलो आफ रॉयल सोसाइटी के रूप में चुना गया है। प्रो. गोवर्धन मेहता उनमें से एक हैं। 1995 में वह अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट रिसर्च अवार्ड पाने वाले पहले भारतीय वैज्ञानिक बने। उन्हें ट्राइस्टे पुरस्कारए फ्रांसीसी पुरस्कार लीजन डीशहोनूर और जर्मनी का प्रतिष्ठित क्रॉस ऑफ़ द ऑर्डर ऑफ़ मेरिट पुरस्कार मिला है।

इस विशेष मौके पर कुविवि के कुलपति प्रो. रावत ने कुमाऊं विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों और वर्तमान में हो रहे नवाचारों और नवीन पहलों के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे विभिन्न अभिनव कदमों पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह ये कदम विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु आवश्यक हैं।

पद्मश्री प्रो. गोवर्धन मेहता ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के नवाचारों और नवीन पहलों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से सीएम अनुसंधान कार्यक्रम और उत्तराखंड सरकार की इंटर्नशिप नीति की प्रशंसा की। प्रो. मेहता ने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय में हो रहे नवाचार और प्रयास सराहनीय हैं और अन्य विश्वविद्यालयों को भी अपने संस्थानों में इस तरह के प्रयास और प्रयोग करने चाहिए। कार्यक्रम को जैसी बोस नेशनल फेलो प्रो. अश्वनी नंगिया डीन ऑफ स्कूल ऑफ केमिकल साइंसेज ने आयोजित किया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान की सभी फैकल्टी भी उपस्थित थी।

## एसएसजे विश्वविद्यालय में तीन साल में नकल करते पकड़े गए 58 विद्यार्थी

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के अधीन चार परिसर और महाविद्यालय में तीन साल में 58 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान नकल करते धरे गए। वहीं दो मुन्ना भाई अन्य छात्र की जगह परीक्षा देते मिले। दोषी विद्यार्थियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए, गठित जांच कमेटी अब अंतिम निर्णय लेगी। एसएसजे विश्वविद्यालय अगस्त 2020 में अस्तित्व में आया। विश्वविद्यालय के अधीन अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत चार परिसर और 36 महाविद्यालय हैं। बीते तीन सालों में विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 58 विद्यार्थी पर्ची, मोबाइल फोन सहित दूसरे अनुचित साधनों से नकड़ करते पकड़े गए। अब विश्वविद्यालय ने जांच कमेटी गठित की है जो नकल करने वाले विद्यार्थियों पर कार्रवाई करेगी। पूर्व में लोहाघाट महाविद्यालय और पिथौरागढ़ परिसर में परीक्षा निरीक्षकों को दो मुन्ना भाई दूसरे छात्रों की जगह परीक्षा देते मिले। तब जांच कमेटी ने दोनों छात्रों का प्रवेश निरस्त किया। अब जांच कमेटी की नजर नकलची विद्यार्थियों पर टिकी है।



# वीकेंड पर पर्यटकों ने बारिश में की जमकर मौज मस्ती

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में वीकेंड के दौरान पहुंचे पर्यटकों ने बारिश की परवाह किए बगैर खूब मौज मस्ती की। बारिश की वजह से हालांकि पर्यटन नैनी झील में नौका विहार का आनंद नहीं ले पाए अलबत्ता उन्होंने नगर के दर्शनीय स्थलों में जाकर सैर सपाटा कर जैसे तैसे अपना दिन गुजारा।

नगर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित केव गार्डन में दिनभर में 334 पर्यटकों ने प्राकृतिक गुफाओं के दीदार किए वहीं नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग स्थित वुडलैंड वाटर फाल में दिनभर में 665 पर्यटकों ने मौज मस्ती की तो वही नारायणनगर स्थित हिमालयन बाटनिकल गार्डन के दीदार को 225 पर्यटक पहुंचे। इसी तरह पर्यटकों ने चिड़ियाघर,स्नोव्यू समेत अन्य दर्शनीय स्थलों के दीदार किए,दूसरी ओर बारिश से बचने के लिए पर्यटकों ने माल रोड समेत पंत पार्क समेत अन्य बाजारों से खूब रंग बिरंगी छाताएं भी खरीदी। दिन में जब भी कुछ देर के लिए बारिश थम रही थी कि तो पर्यटक बाजारों से अपनी जरुरत की वस्तुएं भी खरीद रहे थे। कुल मिलाकर बारिश के बाद भी पर्यटकों की आवाजाही जारी रहने से पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को आंशिक राहत मिली है।

# संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर पौधरोपण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को चौथे दिन भी भारी बरसात के बावजूद पौधारोपण के साथ प्रारंभ हुआ।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि विगत कई वर्षों से संविदा में कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शनिवार को पुनः निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी को पौधा देकर उनसे महासंघ के पदाधिकारियों की वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी से महासंघ की दो बार वार्ता हो चुकी है । प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी निगम के कर्मचारियों की मांगों के संबंध में संवेदनशील हैं। प्रबंध निदेशक ने कहा कि शासन से जैसे ही नियमितीकरण संबंधी नियमावली आ जाएगी तो नियमितीकरण की कार्रवाई नियमानुसार प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की निगम के कार्य प्रभावित नहीं होने चाहिए। कर्मचारी प्रातः पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर पौधारोपण करते हैं वहीं निगम हित व राज्यहित की भी शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि उनकी मांगों का शासन स्तर पर वार्ता के माध्यम से शीघ्र समाधान किया जाए। जिससे राज्य में एक अच्छा संदेश जाएगा की राज्यहित में व विभाग के हित में कार्य करते हुए व पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करते हुए कर्मचारियों को उनकी मांग को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन उनकी मांगों को लेकर संवेदनशील है लेकिन शासन से ही शासनादेश आने के बाद विभाग भी कार्रवाई करेगा। धरना प्रदर्शन को सफल बनाने में महामंत्री कंचन चंदोला समेत उपाध्यक्ष पीतांबर दुमका, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, पदम सिंह,बलवंत सिंह, वेद प्रकाश,भगवान सिंह ,संतोश बिष्ट, नरेंद्र थापा, गणेश चन्याल,महेश कुमार तथा हर सिंह, महिमन कफ लिया सहित सभी जनपदों से आए कर्मचारी शामिल थे।

## NEWS / फटाफट

### सस्ता गल्ला विक्रेताओं में बिलों का भुगतान न होने से आक्रोश



**अल्मोड़ा।** पर्वतीय सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति की बैठक नंदा देवी परिसर में हुई। सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने लंबित बिलों का भुगतान न होने पर आक्रोश जताया। जल्द भुगतान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। शनिवार को सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने बैठक कर कहा कि कोरोना के दौरान उन्होंने घर-घर तक राशन पहुंचाया लेकिन उनकी समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। नए नियमों का बोझ उन पर डाला जा रहा है। लंबित बिलों का भुगतान न होने से वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। चेतावनी दी कि जल्द बिलों का भुगतान नहीं हुआ तो वे राशन वितरण बंद कर आंदोलन करेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष संजय साह, महामंत्री केशर सिंह खनी, दिनेश गोयल, अभय साह, सुरेश डालाकोटी, मनोज वर्मा, नारायण सिंह, विपिन तिवाड़ी, भीमा पवार, दीपक साह, आनंद कनवाल सहित अन्य सस्ता गल्ला विक्रेता मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नैनीताल जिले में बारिश से 33 सड़कें बंद

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते 24 घंटे में नैनीताल में सबसे अधिक 134.0 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। हल्द्वानी में भी 118.0 एमएम बारिश हुई है। गौला, कोसी व नंधौर नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। जिले में पांच राज्य मार्ग समेत 33 सड़कें बंद हो गई हैं।

जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार जिले में भवाली-धानाचूली-ओखलकांडा मार्ग, शीतला-मुक्तेश्वर, भुजान-बेतालघाट, पंगूट-बगड़तल्ला, पदमपुरी-बबियाड, लमजाजा मोटर मार्ग, एचएमडी ब्रेबरी मार्ग, रामनगर-भंडारपानी समेत 33 मार्ग बंद पड़े हैं। इन मार्गो को खोलने के लिए संबंधित विभाग जेसीबी से मलबा हटाने में जुटे हैं।

### गौला बैरोज से छोड़ा 20700 क्यूसेक पानी



पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बरसात की वजह से शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है। रविवार को कुसुमखेड़ा चौराहे के पास जलभराव की सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व तहसीलदार सचिन कुमार पहुंचे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जलभराव से निपटने के लिए पानी को डायवर्ट करने के निर्देश दिए। इस बीच मौके पर तत्काल काम शुरू कराया गया। उधर एसडीएम परितोष वर्मा ने टीम के साथ तीनपानी व जलभराव वाले अन्य इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं पहाड़ों में हो रही लगातार बरसात की वजह से रविवार को गौला बैराज से 20700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। साथ ही गौला नदी से सटे शांतिपुरी इलाके के लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों व नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है।

# डीएम वंदना ने अधिकारियों को अलर्ट रहने के लिए निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मजिस्ट्रेट वंदना सिंह ने बताया कि कल जनपद में बहुत भारी बरसात का अलर्ट है, इसके लिए समस्त अधिकारी अलर्ट रहें । डीएम ने कहा कि भारी बारिश से पर्वतीय मार्गों पर भूस्खलन की संभावनाएं हैं अत: आम जनता से अपील है कि अति आवश्यक न हो तो पहाड़ी मार्गो पर यात्रा करने से बचें और नदी, नालों, रपटों से उचित दूरी रखें । समस्त अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है कि अपनी संवेदनशील सड़कों पर लगी मशीनों और भूस्खलन वाले स्थानों पर स्वयं विजिट करें, सभी टीमों को फील्ड में लगाएं । सिंचाई विभाग के सभी अधिकारी जलभराव वाले क्षेत्रों में स्वयं निरीक्षण करें, पर्याप्त मात्रा में पंप और मशीनों की व्यवस्था करें। राजस्व विभाग के अधिकारी तहसीलदार/ नायब तहसीलदार अपने क्षेत्रों के संवेदनशील ग्रामों में संपर्क स्थापित करते हुए प्रत्येक दो घंटे में कुशलता लेते रहें । स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी अलर्ट रहें । आशा कार्यकर्ता के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में बीमार और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहें ।किसी भी इमरजेंसी में तत्काल अपने स्थरू /तहसीलदार और आपदा कंट्रोल रूम से संपर्क करें। डीएम ने समस्त उपजिलाधिकारी को स्वयं सभी विभागों से समन्वय कर इन निर्देशों का पालन करवाने के निर्देश दिये है। उन्होंने ने बताया कि आपदा से सम्बन्धित सूचानाओं को प्राप्त किये जाने एवं सर्व सम्बन्धित को कार्यवाही हेतु सूचित किये जाने हेतु जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र नैनीताल में वैकल्पिक दूरभाष नम्बर 05942-356712 तथा जीओ नेटवर्क मो0 न0 8433092458 इन नम्बरों पर आपदा से सम्बन्धित सूचना आदान-प्रदान कर सकते है।

# अभिमत

## कर्तव्यनिष्ठा का सम्मान

*अफसरशाही में परिवर्तन की चर्चा को झुठलाते हुए अजित डोभाल को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) तथा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के पद पर पीके मिश्रा की पुनः नियुक्ति की गई है। सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ पर नियंत्रण और पूरे देश में हिंसा की साजिश को नाकाम करने के साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये पीओके में आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त करने में अजित डोभाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अजित डोभाल और पीके मिश्रा की कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान किया है। यह दोनों अधिकारी काम के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के विश्वास पर खरे उतरे हैं।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली अन्य नेताओं से अलग हटकर है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल के कार्यकाल में मंत्रिपरिषद में बार-बार फेरबदल नहीं किया। तीसरी बार सत्ता संभालने पर प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा, गृह, वित्त, सड़क परिवहन आदि विभाग पुराने मंत्रियों को सौंपे, इन विभागों के मंत्रियों के काम पर कभी उंगली नहीं उठी। हालांकि विभागों का वितरण होने से पहले गठबंधन के घटक दलों के दबाव में महत्वपूर्ण मंत्रालय भाजपा के हाथ से निकलने के कयास लगाये जा रहे थे। अफसरशाही में परिवर्तन की चर्चा को झुठलाते हुए अजित डोभाल को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) तथा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के पद पर पीके मिश्रा की पुनः नियुक्ति की गई है। सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ पर नियंत्रण और पूरे देश में हिंसा की साजिश को नाकाम करने के साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये पीओके में आतंकियों के ठिकाने ध्वस्त करने में अजित डोभाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अजित डोभाल और पीके मिश्रा की कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान किया है। यह दोनों अधिकारी काम के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के विश्वास पर खरे उतरे हैं। पीके मिश्रा सेवानिवृत्त आईएएस और अजित डोभाल रिटायर्ड आईपीएस हैं। मीडिया में चर्चा थी कि उम्रदराज होने के कारण दोनों अधिकारी अब कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं। उम्र किसी भी कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति के जीवन में बाधक नहीं बनती है। किसी को बूढ़ा अथवा रिटायर्ड कहना अपमानजनक होता है, इसी लिए उम्रदराज व्यक्ति को वरिष्ठ नागरिक कहा जाता है। परिवार एवं समाज में वरिष्ठ जन को सम्मान दिया जाता है तथा उनके अनुभव व सुझाव से कार्य किये जाते हैं। कई देशों के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री की उम्र 70-80 वर्ष है। प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में अजित डोभाल के माध्यम से कनाडा, पाकिस्तान और अन्य देशों में आतंकवादियों के ताने-बाने को ध्वस्त करने में सफलता हासिल कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष द्वारा समुदाय विशेष के लोगों को भाजपा के प्रति भड़काने के लिए किये गये दुष्प्रचार से राष्ट्रविरोधी तत्व सिर उठा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दस साल के शासन में किसान आंदोलन की आड़ में खालिस्तान आतंकवादियों ने हिंसा की साजिश रची थी। समुदाय विशेष के लोग दिल्ली में धरना देकर दंगे करने चाहते थे। केन्द्र सरकार ने संयम का परिचय देते हुए खूनखराबा नहीं होने दिया। नक्सलियों की हिंसा पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सका है। विपक्षी गठबंधन को चुनाव में कुछ सीटें ज्यादा मिली हैं, इसलिए विपक्ष संसद से सड़क तक सरकार को चुनौती देने का प्रयास कर सकता है, इससे निपटने के लिए सरकार ने कमर कस ली है।

# कार लूटकांड का खुलासा, तीन लुटेरे गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कार खरीदने आए लोगों ने कार को ट्रायल के बहाने तमंचे की नोंक पर लूटने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि कार बरामद नहीं हो सकी है। कार बिहार में बेचने की बात बताई जा रही है।

पुलिस कार्यालय में एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के और एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने घटना का खुलासा करते बताया कि 26 जून को ग्रीनपार्क निवासी जसविंदर सिंह के पास सामिया लेक सिटी काशीपुर रोड निवासी अबरार अंसारी पुत्र निसार अहमद और आवास विकास विवेकानंद नगर निवासी वंश मखीजा पुत्र प्रमोद मखीजा आए। इस दौरान उन्होंने उसकी फर्म से कार खरीदने के लिए बात की। बाद में कार ट्रायल के नाम पर उसे साथ मोदी मैदान तक ले गए। जहां उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ तमंचे के बल पर कार लूट ली और फरार हो गए। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप इंस्पेक्टर



भारत सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के साथ ही अन्य जगह पर लगे करीब पांच सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

जिसमें लूटी गई कार ललितपुर के रास्ते गोरखपुर होते हुए बिहार मोतीहारी जनपद ले जाने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस की एक टीम बिहार चली गई। जबकि अन्य टीम आरोपितों की तलाश में जुट गई। बताया कि शनिवार की सुबह सूचना मिली कि बिहार मोतीहारी में कार बेचकर अबरार और वंश मखीजा रुद्रपुर आ चुके है। जिस पर पुलिस ने ग्रीन पार्क काशीपुर रोड से अबरार अंसारी को दबोच लिया। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। इस दौरान अबरार अंसारी ने बताया कि उसने वंश मखीजा और ग्राम बेरिया दौलत केलाखेड़ा निवासी जितेंद्र उर्फ जतिन पुत्र विनोद के साथ मिलकर कार लूटी। इसके बाद कार बिहार के जिला मोतीहारी में मनीष नाम के युवक को पांच लाख में बेच दिया। बाद में पुलिस ने वंश मखीजा और जितेंद्र को भी रुद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया। वंश मखीजा के पास से लूटी गई कार की आरसी बरामद हुई। पुलिस ने तीनों को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। टीम में आवास विकास पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा,एसआई ललित चौधरी,एसआई गणेश पांडे, एएसआई जितेंद्र कुमार,हेड कांस्टेबल राजीव शाही, अर्जुन पाल, अनिल कुमार,चंदन सिंह, जगमोहन सिंह आदि शामिल रहे।

**खुलासा**

- एसपी क्राइम और एसपी सिटी ने किया खुलासा, थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से 26 जून को तमंचे की नोंक पर दिया था घटना को अंजाम

### टीम को 1500 रुपए का ईनाम

रुद्रपुर। एसपी क्राइम और एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस टीम को एसएसपी की ओर से 1500 रुपए ईनाम देने की घोषणा की। साथ ही टीम की पीठ भी थपथपाई।

## नैनीताल में जू शटल सेवा की निविदा जारी की

**नैनीताल ।** नगर पालिका ने शनिवार को जू शटल सेवा की निविदा जारी कर दी गयी है। आगामी 20 जुलाई (शनिवार) को निविदा खोली जाएगी,जिसके लिए पालिका ने इस बार यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शटल सेवा के लिए इलेक्ट्रिक कार का ही विकल्प रखा है। शटल सेवा में अधिकतम 10 कारो का ही संचालन किया जा सकता है।

बता दें कि बीते वर्ष जू शटल सेवा का टेंडर 40 लाख रुपये में शुभमन साह के नाम हुआ था जिसका समय 31 मई को समाप्त हो चुका था लेकिन लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते पालिका द्वारा अब निविदा जारी कर दी गयी है। बता दें कि मॉल रोड से संचालित जू शटल सेवा के चलते हमेशा यातायात बाधित रहता है। अक्सर सीजन के दौरान लोगों को घंटो जाम के झाम से जूझना पड़ता था जिसको लेकर पालिका ने शटल सेवा में इलेक्ट्रानिक कार एमजी कॉमेट में चार लोगों को बैठा कर ट्रायल किया गया जिसके सफल होने के बाद अब पालिका ने इलेक्ट्रिक कार चलाने का फैसला लिया है।

# सिडकुल चौक पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को रौंदा, दो युवक घायल, सीपीयू कर्मियों ने अस्पताल पहुंचाया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शनिवार की रात सिडकुल चौक पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर से मार दी। बाइक सवार सड़क पर घायल अवस्था में तड़प रहे। घटना की जानकारी मिलने पर सीपीयू कर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद आरोपी चालक मय वाहन के मौके से भागने में सफल हो गया। बताया जा रहा है कि सिडकुल क्षेत्र में

जंबो और होक 2 पर तैनात सीपीयू कर्मी चैकिंग कर रहे। इसी बीच सीपीयू को सूचना मिली कि सिडकुल चौक पर बाईक सवार दो युवक घायल अवस्था में तड़प रहे हैं। इस पर सीपीयू कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनों घायलों को अपने वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया।

बताया जा रहा है कि बाईक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। सीपीयू दरोगा दिनेश चंद्र उप्रेती के मुताबिक



कांस्टेबल गणेश धपोला कांस्टेबल पूरन सिंह वह हॉक 2 में नियुक्त हेड कांस्टेबल नारायण सिंह व हेड कांस्टेबल दीपक भट्ट द्वारा तत्परता दिखाते हुए अभिलंब दोनों घायलों को जोकि बेहोशी की हालत में थे जंबो से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जंबो पर तैनात सीपीयू दरोगा दिनेश चंद्र उप्रेती ने बताया कि मौके पर पहुंचे तो दोनों सड़क पर तड़प रहे थे। दोनों कुछ बताने की हालत में नहीं थे। दोनों के गंभीर चोटें आई। काफी पूछने की कोशिश की।

वह कुछ नहीं बता पाए। उन्होंने संभावना जताई वह हल्द्वानी की ओर से रहे ?। अस्पताल में भर्ती करा कर लौट आए। वाहन का भी पता नहीं चल सका। दरोगा के अलावा सीपीयू कर्मियों में हेड कांस्टेबल दीपक भट्ट , नारायण सिंह,पूरन सिंह, गणेश धपोला मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## महेंद्र सिंह धोनी ने सलमान खान के साथ मनाया जन्मदिन



*टीम इंडिया को दो विश्वकप दिलाने वाले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। सितारों से लेकर फैंस तक उन्होंने इस खास मौके पर बधाई दे रहे हैं। माही के नाम से मशहूर धोनी ने इस बार अपना बर्थडे पत्नी साक्षी और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के साथ मनाया। सोशल मीडिया पर उनके जन्मदिन के वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इनमें से एक वीडियो में धोनी केट काटकर अपनी पत्नी और फिर बाद में सलमान खान को खिलाते नजर आ रहे हैं। वहीं एक वीडियो में साक्षी अपने पति महेंद्र सिंह धोनी के पैर छूती नजर आ रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद फैंस इस पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, धोनी हमारे सलमान भाई के साथ केक काट कर रहे...दो दिग्गज एक साथ एक फ्रेम में...वाह क्या पल है। एक अन्य यूजर ने लिखा, मुझे पता है कि धोनी मुंबई में हैं, इसलिए सलमान उनके जन्मदिन पर हैं। वास्तव में दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने भी धोनी को खास अंदाज में सोशल मीडिया पर बधाई दी है। उन्होंने बर्थडे फोटो साझा कर एक्स पर लिखा, जन्मदिन मुबारक हो कप्तान साहब... । इस फोटो में सलमान खान कैजुअल लुक में काफी हैंडसम लग रहे हैं।*

### जुम्मे की रात है पर डांस

*इससे पहले शनिवार को सलमान खान अनंत अंबानी, रणवीर सिंह, हार्दिक पांड्या और एमएस धोनी के साथ फिल्म किक के अपने मशहूर गाने जुम्मे की रात है पर डांस करते नजर आए थे। पांचों का डांस वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान जल्द ही सिकंदर में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होगी।*

# डीएम पहुंचे सितारगंज, बैगुल नदी एवं चीकाघाट पर भूकटाव का निरीक्षण किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मौसम विभाग से जारी चेतावनी के दृष्टिगत जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को तहसील सितारगंज के अन्तर्गत बैगुल डैम से निकलने वाली अपर स्ट्रीम बैगुल फीडर, बैगुल नदी एवं चीकाघाट पर कैलाश नदी से हो रहे भूकटाव का निरीक्षण किया।

निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने नदी से हो रहे भूकटाव को रोके जाने हेतु उपजिलाधिकारी सितारगंज एवं अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, सितारगंज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान मे जनपद मे मध्यम वर्षा हो रही है नदियों का जल स्तर सामान्य है किसी भी नुकसान की कोई सूचना नहीं है फिर भी उन्होंने उपजिलाधिकारी, तहसीदार एवं अधिशासी अभियन्ता सिंचाई को नदियों के जल स्तर , जल भराव एव भूकटाव पर पैनी नजर रखने के निर्देश मौके पर दिये।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम रविन्द्र जुवांटा, ईई सिंचाई खण्ड, सितारगंज आनंद सिंह, तहसीदार पूजा शर्मा, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी आदि मौजूद थे।



# व्यापारी पहुंचे पुलिस कार्यालय,एसपी सिटी का किया घेराव

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र विजय लक्ष्मी कालोनी निवासी मेडिकल स्टोर स्वामी के घर हुई चोरी का खुलासा न होने पर व्यापारियों ने एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। शनिवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव के नेतृत्व में व्यापारी एकत्रित हो कर पुलिस कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसपी सिटी का घेराव कर चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग की। व्यापारियों का कहना



था कि विजय लक्ष्मी कॉलोनी निवासी अमित कुमार छाबड़ा खेड़ा में मेडिकल स्टोर है और वह 29 जून को वह कहीं बाहर गए थे I30 जून की सुबह साढ़े तीन बजे वापस लौटा,तो देखा कि घर के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी खुली हुई थी। अलमारी में रखी दो तोले सोने की चैन,एक तोले सोने की अंगूठी,50 हजार रूपये की नगदी और सीसीटीवी डीवीआर गायब है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने एसपी सिटी को बताया कि पुलिस चोरी की घटना को गंभीरता से नहीं ले रही है। पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर व्यापारियों में रोष है। उन्होंने एसपी सिटी से चोरी का जल्द से खुलासा करने की मांग उठाई।

इस दौरान अमित छाबड़ा,दीपक छाबड़ा, मनीष गोस्वामी, सचिन छाबड़ा, शिवजी छाबड़ा, आशीष छाबड़ा,जिमी मुंजल,मोहित तनेजा, विकास अरोड़ा, पंकज चड्ढा, सुमित खुराना, हरीश मुंजाल आदि व्यापारी उपस्थित थे।

**एसपी सिटी ने दिया पुलिस को अल्टीमेटम**

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि चोरी का जल्द खुलासा किया जाएगा। इसके साथ ही एसपी सिटी ने संबंधित थाना इंचार्ज को चोरी का खुलासा करने को अल्टीमेटम दिया है।

## News कॉर्नर

### महिला के साथ 27 हजार की ऑनलाइन ठगी

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक महिला के साथ 27 हजार की ऑनलाइन ठगी हो गई है। महिला ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी रीना ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीते रात उसके मोबाइल में एक अज्ञात नम्बर से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने उसके पिता से जान पहचान होने की बात कहकर कहा कि उसने गलती से उसके अकाउंट में 50 हजार रुपये सेंड कर दिए हैं। मोबाइल में 50 हजार रुपये प्राप्त होने का एक मैसेज आया था। जिसको देखते हुए उसने गूगल पे के माध्यम से 27 हजार वापस कर दिए लेकिन जब अकाउंट में देखा तो उसके पास 50 हजार रुपये नहीं आये थे। जिससे उसको ठगी का अहसास हुआ। महिला ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली की एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामला साइबर सेल को भेजा जा रहा है।

### झांकरसैम मंदिर में दीवार ध्वस्त, पेड़ गिरने से पार्किंग क्षतिग्रस्त

**अल्मोड़ा।** धौलादेवी विकासखंड में भारी बारिश के बाद शनिवार को प्रसिद्ध झांकरसैम मंदिर के पास भूस्खलन होने से सुरक्षा दीवार ध्वस्त हो गई। साथ ही भूस्खलन होने से एक पेड़ धर्मशाला और पर्यटन विभाग की पार्किंग में गिर गया। धर्मशाला और पार्किंग क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं पर्यटन विभाग के हट को भी नुकसान पहुंचा है। मंदिर में कई भक्त दर्शन के लिए पहुंचे थे। संयोग से कोई भी पेड़ की चपेट में नहीं आया, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। सूचना के बाद एसडीएम भनोली एनएस नगन्याल मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नुकसान का आंकलन किया जाएगा।

# लव जेहाद का मामला पहुंचा चौकी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शहर में लव जेहाद के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसा ही एक एक मामला आवास विकास चौकी क्षेत्र का प्रकाश में आया है। पीड़िता ने हिंदूवादी संगठनों की मदद से आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। हिंदूवादी संगठनों की चेतावनी के बाद पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया । शनिवार दोपहर एक युवती हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों के साथ रवींद्रनगर रोड पर पहुंची और एक युवक को पकड़ लिया। इस दौरान हिंदूवादी संगठनों के लोगों ने उस पर लव जेहाद का आरोप लगाते हुए जमकर धुनाई की। बाद में उसे आवास विकास चौकी के सुपुर्द कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह जनपद अल्मोड़ा की निवासी है। वर्ष, 2021 में अल्मोड़ा में फाइनेंस के काम करने वाले युवक से उसकी पहचान हुई। इस दौरान उसने अपना नाम समीर बताया। दोनों की दोस्ती हो गई। बाद में युवक रुद्रपुर आ गया। युवक ने युवती को भी नौकरी दिलाने की बात कहते हुए बुला लिया। आरोप है कि इस बीच समीर ने उसे अपने साथ जगतपुरा में एक कमरे में रखा और शादी का झांसा देते हुए जबरन संबंध बनाए। पीड़िता के मुताबिक बाद में उसे पता चला कि उसका असली नाम समीर नहीं है। सैफ अली है। उसने उसे यह कहते हुए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया कि उसकी अश्लील फोटो उसके पास है। साथ ही उसे धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। इधर हिंदूवादी नेता विपिन शर्मा उर्फ विट्ठू का कहना था कि शहर लव जेहाद के मामले बढ़ रहे हैं। पुलिस ऐसे मामलों में कार्रवाई करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को बाध्य होंगे।

**लव जेहाद का आरोपी जाएगा जेल**

थाना ट्रांजिट कैंप के इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

**मांग**

- पीड़िता ने हिंदूवादी संगठनों की मदद से आरोपी को पकड़ा
- कार्रवाई न होने पर दी थी आंदोलन की चेतावनी

# नर्सिंग छात्राओं व आशा वर्कर्स की ओर से जन जागरूकता कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर में डायरिया फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है, जिसके चलते जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला असप्ताल में शनिवार को नर्सिंग छात्राओं व आशा वर्कर्स की ओर से जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस दौरान लोगों को डायरिया से बचने के सुझाव दिए गए।

बता दें कि नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में इन दिनों डायरिया के मामले बढ़ने लगे हैं। बीते रोज तल्लीताल के कृष्णापुर वार्ड समेत अन्य वार्डों में दो दर्जन से ज्यादा डायरिया के मामले सामने आये हैं जिसमें से कई मरीज बीडी पांडे असप्ताल में भी भर्ती किये हैं। अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से डायरिया के बढते मामलों को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को भी बीडी पांडे असप्ताल में नर्सिंग छात्राओं व आशाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। जिला अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव खर्कवाल ने बताया कि असप्ताल में आने वाले मरीजों व तीमारदारों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही आशा वर्कर्स की ओर से जिन घरों में पांच साल से कम उम्र के बच्चे हैं उनको ओआरएस बांटा गया जो अभियान लगातार चलाया जाएगा।



# भाजपाइयों ने जनसंघ के संस्थापक प्रेरणा पुरुष मुखर्जी को याद किया



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनसंघ के संस्थापक, भाजपा के प्रेरणा पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिंह कालोनी में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर निवर्तमान मेयर ने कहा कि डॉ- श्यामाप्रसाद मुखर्जी, शिक्षाविद, चिंतक और जनसंघ के संस्थापक थे। वे मानवता के उपासक एवं सिद्धांतवादी थे। डा- श्यामा प्रसाद मुखर्जी पहले व्यक्ति थे जिन्होंने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा दिए जाने के खिलाफ आवाज बुलंद की थी। डॉ- मुखर्जी देश के प्रथम उद्योग मंत्री थे। राष्ट्रीय हितों की प्रतिबद्धता को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानने के कारण उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया।डॉ- मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उन्होंने 1951 में भारतीय जन संघ की नींव रखी। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। वह समाज के लिए आदर्श पुरूष थे।

प्रदेश सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा भारत भूषण चुघ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन में जो कार्य किए वे उस समय से बहुत आगे के थे। उन्हीं के प्रयासों से ही आज पश्चिम बंगाल और कश्मीर भारत के अभिन्न अंग हैं। देश डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सदैव स्मरण करता रहेगा।

इस दौरान राम प्रकाश गुप्ता, ठाकुर जगदीश सिंह, देवेन्द्र सिंह, हिमांशु शुक्ला, सुशील चौहान, अक्षय गहलोद, मदन लाल शर्मा, विपिन पांडे,डालचंद मौर्य, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

### गैरीखेत गांव में तेंदुए के आतंक से लोग परेशान

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती गैरीखेत गांव में तेंदुए के आतंक से लोग परेशान हैं। यहां रोजाना ग्रामीणों को आवाजाही के दौरान तेंदुआ दिखाई दे रहा है। शनिवार को तेंदुए ने ग्रामीण नैन सिंह के मवेशियों पर हमला कर दिया। इस दौरान तेंदुए ने उनका बैल मार डाला। जिसके बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। नैनीताल वन प्रभाग के तहत नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना के बाद विभागीय टीम मौके पर भेजी गई है।

# धर्मगुरु दलाई लामा का जन्मदिन लोगों ने धूमधाम से मनाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

तिब्बती समुदाय के धर्मगुरु दलाई लामा का 89वॉं जन्मदिन शनिवार को नैनीताल में तिब्बती व भोटिया समुदाय के लोगों ने धूमधाम से मनाया। इस विशेष मौके पर उनकी दीर्घायु के लिए विशेष पूजा अर्चना की गयी वहीं दोपहर बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। दूसरी ओर धर्मगुरु के जन्मदिन के चलते शनिवार को तिब्बती बाजार पूरी तरह से बंद रहा। तिब्बती समुदाय के मुताबिक अब उनके प्रतिष्ठान 10 जुलाई (बुधवार) को खुलेंगे।



इससे पूर्व तिब्बती व भोटिया समुदाय के लोग सुबह 8 बजे सुख निवास स्थित पवित्र बौध मठ में एकत्र हुए। इस दौरान गुरू रिंपोछे तथा अन्य गुरुओं सहित धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए और केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। दिनभर चले जन्मदिन के विविध कार्यक्रमों में तिब्बती समुदाय के सभी चारों संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। तिब्बती समुदाय से मिली जानकारी के मुताबिक अब सोमवार 8 जुलाई को भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# रोड पुनर्निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारी पहुंचे पीडब्ल्यूडी, ईई को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

निर्माण की मांग को लेकर बिगबाड़ा दक्ष पुनर्निर्माण संघर्ष समिति और अन्य कॉलोनी लोग एकत्रित होकर लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिगवाड़ा दक्ष रोड लंबे समय से क्षतिग्रस्त हो रहा है। बरसात को ध्यान में रखते हुए सड़क का निर्माण कराया जाए। लोगों का कहना था कि सड़क निर्माण के संबंध में अभिलंब प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कर निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता से पहले निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए। ताकि लोगों को राहत मिले। उन्होंने कहा कि सड़क क्षतिग्रस्त



होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, सिडकुल क्षेत्र समीप होने कारण हजारों लोगों का आवागमन होता है। स्कूल जाने वाले बच्चों को पलटने की आशंका रहती है। उन्होंने ईई से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष दुष्यंत खेतवाल ,उपाध्यक्ष अजय फुटली, नवीन नैनवाल, अजय राम ,जगदीश टम्टा ,लक्ष्य शमी, मनोज भंडारी, निखिल रावत, देवेंद्र चतुर्वेदी, धीरज गुप्ता, अभिषेक यादव, सतीश वर्मा, मनीष कुमार , दीपक गहतोड़ी आदि मौजूद थे। इधर ईई ने सड़क का निर्माण जल्द कराने का आश्वासन दिया।

**मांग**

- सड़क निर्माण की उठाई मांग, जर्जर सड़क के चलते बनी रहती दुर्घटनाओं की संभावना